सार-समाचार

नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने से लेकर मतदान तक का कार्यक्रम निर्धारित

भरतपुर (निसं)। जिला परिषद भरतपुर के जिला प्रमुख पद के निर्वाचन के लिए 25 नवम्बर बुधवार को निर्वाचन बैठक आयोजित की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी कमर चौधरी द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार बैठक प्रात: 10 बजे जिला परिषद सभागार, कृष्णा नगर, भरतपुर में आयोजित होगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रमुख पद के निर्वाचन के लिए नाम निर्देशन पत्र प्रात: 11 बजे तक प्रस्तुत किए जा सकेंगे। प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा प्रात: 11.30 बजे से प्रारंभ होगी। अभ्यर्थी अपराह्न 1 बजे तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। निर्वाचन के लिए मतदान आवश्यक होने पर अपराह्न 3 बजे से सायं 5 बजे के मध्य कराया जाएगा। रिटर्निंग अधिकारी ने जिला परिषद भरतपुर के समस्त संबंधित निर्वाचित सदस्यों को निर्धारित दिनांक, समय एवं स्थान पर निर्वाचन बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994, राजस्थान पंचायती राज (निर्वाचन) नियम, 1994 तथा राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान द्वारा जारी प्रासंगिक आदेशों एवं निर्देशों के अनुसार संपादित की जाएगी।

विभिन्न प्रकरणों में पांच आरोपी गिरफ्तार

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में चलाये गये विशेष अभियान के तहत मालपुरा वृताधिकारी आशीष प्रजापत एवं लाम्बाहरिसिंह के नेतृत्व में गठीत टीमों द्वारा अवैध जुआ व शराब के खिलाफ कार्यवाही करते हुए क्षैत्र में सार्वजनिक स्थान पर ताश पत्ती से जुआ खेलते हुए तीन आरोपी शैतान पुत्र श्योजीनाथ, पप्पूनाथ पुत्र सुवानाथ व बद्रीलाल पुत्र रामस्वरूप ब्राह्मण निवासी सिन्धौलिया को गिरफ्तार किया गया है। इस कार्यवाही में पुलिस ने उनके कब्जे से जुआ राशि 410 रूपये नगद व एक 52 पत्ते ताश को जप्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आरपीजीओ अधिनियम में प्रकरण दर्ज किया जाकर अनुसंधान जारी है। इसी प्रकार अन्य लाम्बाहरिसिंह थाना टीम ने दौराने गश्त मुखबिर की सूचना के बाद लाम्बाहरिसिंह से आमलीचारणान जाने वाले रास्ते पर अवैध देशी शराब के खिलाफ कार्यवाही करते हुए आरोपी नानू पुत्र देवा बागरिया उम्र 50 साल निवासी आमली चारणान थाना लाम्बाहरिसिह को गिरफ्तार किया जाकर उसके कब्जे से देशी शराब के पव्वे जप्त किये गया है। वही पुलिस टीम ने पाण्डरवाडा जाने वाले कच्चे रास्ते पर अवैध मादक पदार्थ परिवहन करते हुए आरोपी परसराम पुत्र राजाराम नायक उम्र 30 साल निवासी लाम्बाहरिसिंह को गिरफ़्तार किया जाकर उसके कब्जे से 54 पव्वे अवैध देशी शराब के जप्त किये गये है। इस कार्यवाही में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ राज. आबकारी अधिनियम में प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर अनुसंधान जारी है।

नींद की झपकी ने छीना कार से नियंत्रण, खेत में पलटी गाड़ी

अलवर। लक्ष्मणगढ़ क्षेत्र में सोमवार सुबह चालक को नींद की झपकी आने से एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में जा गिरी। हादसा इतना अचानक हुआ कि कार खेत में गिरने के बाद पलटी खा गई। गनीमत रही कि खेत में नरम मिट्टी होने के कारण कार सवार तीनों लोगों की जान बच गई। हादसे में तीनों को मामूली चोटें आईं। घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए कार में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह करीब 7 बजे गोविंदगढ़ निवासी एक युवक कार से अपनी मामी को उनके गांव खोहरा छोड़ने जा रहा था। बताया जा रहा है कि परिवार में आयोजित शादी समारोह से लौटने के बाद युवक सुबह कार लेकर रवाना हुआ था। रास्ते में कफनवाड़ा स्थित हनुमान मंदिर की पुलिया के पास चालक को थकान के चलते अचानक नींद की झपकी आ गई। इससे कार पर उसका नियंत्रण हट गया और गाड़ी सड़क से नीचे खेत में जा गिरी। खेत में गिरते ही कार पलटी खा गई। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। कार पलटी हुई थी और उसमें सवार तीनों लोग अंदर फंसे हुए थे। ग्रामीणों ने बिना देर किए राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। उन्होंने मिलकर पहले कार को सीधा किया और फिर उसमें फंसे तीनों लोगों को बाहर निकाला। इसके बाद घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया।

आरोपियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग

राजगढ़ जयपुर। में राजगढ़ निवासी युवा कैफे व्यापारी मयंक गोपालिया की हत्या के आरोपियों को त्वरित एवं कठोर सजा देने की मांग को लेकर आवाज मंच के नेतृत्व में लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। व्यापारी पर जयपुर के वैशाली नगर में 5 नवंबरकी रात्रि को घर लौटते समय दो बदमाशों ने हमला कर गंभीर घायल कर दिया। ज्ञापन में बताया कि जयपुर के वैशाली नगर में राजगढ़ निवासी कैफे व्यापारी मयंक गोपालिया 5 नवंबर को रात्रि घर लौट रहे थे। इसी दौरान बदमाशों ने उसे पर लोहे की राड एवं लाठी डंडों से हमला कर घायल कर दिया। जिसकी 16-17 नवंबर की रात्रि को मौत हो गई। ज्ञापन में इस हत्या प्रकरण की फास्ट ट्रैक कोर्ट से कड़ी सजा, अपराधियों की संपत्ति पर बुलडोजर चलाने, पीड़ित परिवार को एक करोड रुपए की आर्थिक सहायता एवं एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की गई। इस अवसर पर आवाज मंच के मुकेश जैमन, दिनेश प्रधान, खेम सिंह आर्य, राजकुमार सैनी, जितेंद्र दुहरिया, तरुण राठिया, धर्मचंद सैनी, एवं प्रमुख लोग मौजूद रहे।

श्री नामदेव छीपा समाज की बैठक संपन्न

निवाई। श्री नामदेव छीपा समाज हितकारिणी समिति की त्रैमासिक बैठक रविवार को समिति के उपाध्यक्ष घासीलाल तोणगरिया के आवास पर तहसील सलाहकार मण्डल के सदस्य माणकचन्द नामा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का शुभारंभ समाज के आराध्य देव संत नामदेव महाराज चित्र के समक्ष माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन करके किया गया। तहसील महामंत्री राकेश कुमार गंगवाल ने विगत बैठक का एजेंडा प्रस्तुत किया। बैठक में विभिन्न प्रस्तावों पर विचार विमर्श किया गया। वक्ताओं ने सामाजिक एकजुटता स्थापित करने पर जोर दिया। इस दौरान सर्वसम्मति से कृषि उपज मंडी में स्थित भगवान श्री लक्ष्मीनारायणजी के मंदिर में रविवार को जिलास्तरीय त्रैमासिक बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में रामरतन नामा, माणकचन्द नामा, घासीलाल नामा, गणेश नामा, मनोज नामा, राकेश कुमार नामा व पुरुषोत्तम नामा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

अलवर पुलिस का बड़ा एक्शन, 33 लाख के 114 गुमशुदा मोबाइल बरामद

अलवर। मोबाइल फोन आज हर व्यक्ति की जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है। ऐसे में मोबाइल गुम हो जाने पर न केवल आर्थिक नुकसान होता है, बल्कि उसमें मौजूद जरूरी संपर्क, फोटो, दस्तावेज और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां भी हाथ से निकल जाती हैं।

ऐसे लोगों को राहत देते हुए अलवर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। ऑपरेशन साइबर संग्राम अभियान 3.0 के तहत साइबर सेल और अलवर 4 की टीम ने पोर्टल की मदद से 114 गुमशुदा मोबाइल फोन ट्रेस कर बरामद किए हैं। इन मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत करीब 33 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने बरामद सभी मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए। मोबाइल वापस मिलने पर लोगों की खुशी देखते ही बन रही थी। लंबे समय से अपने खोए हुए फोन मिलने की उम्मीद लगाए बैठे लोगों ने जब मोबाइल अपने हाथों में देखे तो उनके चेहरे खिल उठे। कई लोगों के लिए यह केवल मोबाइल की वापसी नहीं, बल्कि उसमें सुरक्षित अपनी जरूरी यादों, संपर्कों और जानकारियों को दोबारा हासिल करने जैसा था। लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए आभार जताया।



पुलिस ने बरामद सभी मोबाइल उनके वास्तविक मालिक को सौंप दिए।

- ऑपरेशन साइबर संग्राम 3.0 के तहत साइबर सेल और अलवर 4 की बड़ी कार्रवाई, खोए मोबाइल वापस पाकर खिल उठे लोगों के चेहरे

पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. दीपक कुमार और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. प्रियंका के निर्देशन में इस अभियान को अंजाम दिया गया। इसमें साइबर सेल, अलवर 4, वृत्ताधिकारियों और विभिन्न थानों के थानाधिकारियों की टीम ने आपसी समन्वय के साथ काम किया। टीम ने तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए गुमशुदा मोबाइल फोन की जानकारी जुटाई और उन्हें ट्रेस कर बरामद करने में सफलता हासिल की। पुलिस के अनुसार मोबाइल फोन गुम होने की शिकायत पोर्टल पर दर्ज होने के बाद संबंधित मोबाइल के नंबर के आधार पर उसकी तलाश शुरू की जाती है।

नंबर प्रत्येक मोबाइल की विशिष्ट पहचान होता है। इसके माध्यम से मोबाइल के उपयोग और नेटवर्क से संबंधित तकनीकी जानकारियां जुटाकर उसे ट्रेस करने में मदद मिलती है। मोबाइल का पता चलने पर संबंधित थाना पुलिस के माध्यम से उसे बरामद कर उसके वास्तविक धारक को सौंपा जाता है। अलवर पुलिस ने आमजन से अपील की है कि मोबाइल फोन गुम होने या चोरी होने की स्थिति में लापरवाही नहीं बरतें। तत्काल पोर्टल ... पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि मोबाइल को ट्रेस करने की प्रक्रिया शुरू की जा सके। वहीं, किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 और जिला अलवर हेल्पलाइन नंबर 8764874306 पर संपर्क करें। पुलिस का कहना है कि समय पर शिकायत दर्ज कराने से मोबाइल की तलाश और साइबर अपराधों पर नियंत्रण की कार्रवाई में मदद मिलती है।

कोतवाली थाने में पुलिसकर्मियों के लिए लगा हेल्थ चेकअप शिविर

अलवर। पुलिसकर्मियों की व्यस्त दिनचर्या, अनियमित खानपान और लगातार ड्यूटी के दबाव को देखते हुए शहर के कोतवाली थाने में वीरो हेल्थ केयर की ओर से स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में थाने के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया।

शिविर के दौरान चिकित्सकों की टीम ने पुलिसकर्मियों का ब्लड प्रेशर (बीपी) सहित विभिन्न जरूरी स्वास्थ्य परीक्षण किए। साथ ही उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने और शुरुआती लक्षणों को गंभीरता से लेने की सलाह दी गई।

वीरो हेल्थ केयर की ओर से पहुंची डॉक्टर ममता शर्मा ने बताया कि पुलिसकर्मी दिनभर कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण और आमजन की सुरक्षा में व्यस्त रहते हैं।

- बीपी सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांच की, कैंसर के शुरुआती लक्षणों और बचाव के बताए उपाय

उनकी ड्यूटी का समय भी कई बार अनियमित होता है।

ऐसे में वे अक्सर अपने स्वास्थ्य पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे पाते। इसी को ध्यान में रखते हुए थाने में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया, ताकि पुलिसकर्मियों को अपनी सेहत के प्रति जागरूक किया जा सके। डॉ. ममता शर्मा ने शिविर में पुलिसकर्मियों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के शुरुआती लक्षणों, समय पर पहचान और बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैंसर सहित कई गंभीर बीमारियों का समय रहते पता चलने पर उपचार की संभावनाएं बेहतर हो सकती हैं।

शरीर में किसी प्रकार की असामान्य गांठ, लंबे समय तक रहने वाला घाव, बिना कारण वजन कम होना या अन्य असामान्य बदलाव दिखाई देने पर चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित खानपान, पर्याप्त नींद और शारीरिक गतिविधियां स्वस्थ जीवन के लिए जरूरी हैं। तंबाकू और धूम्रपान जैसी हानिकारक आदतों से दूरी बनाकर भी कई बीमारियों के खतरे को कम किया जा सकता है। शिविर के माध्यम से पुलिसकर्मियों को यह संदेश दिया गया।

कि दूसरों की सुरक्षा के साथ अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी जरूरी है। समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण करवाकर बीमारियों की समय रहते पहचान की जा सकती है।

महाश्वेतांबरा साध्वियों का 24 को चातुर्मास पूर्ण

अलवर। जैन स्थानक महावीर भवन में पहली बार छत्तीसगढ़ से पदविहार कर अलवर चातुर्मास करने पधारीं श्वेतांबरा महासाध्वी श्री हर्षिताजी महाराज एवं ग्रणा-4 का चातुर्मास 24 नवंबर को पूर्ण होगा।

- जैन समाज की ओर से आयोजित हुआ विदाई समारोह, श्रद्धालुओं ने भावपूर्ण प्रस्तुतियों से किया गुणगान

महासाध्वियां 25 नवंबर को महावीर भवन से आगामी विहार करेंगी। इस अवसर पर सुबह जैन श्वेतांबर स्थानकवासी श्रावक संघ की ओर से विदाई समारोह आयोजित किया गया।

अरावली संरक्षण और पर्यावरण के क्षेत्र में राजेंद्र सिंह सम्मानित

अलवर। जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय पहचान रखने वाले जलपुरुष राजेंद्र सिंह को 21 नवंबर को केरल के त्रिशूर स्थित कलामंडलम में 'कर्म पुरस्कार-2025' से सम्मानित किया गया। एमकेआर फाउंडेशन की ओर से यह सम्मान उन्हें भारतीय संविधान के मूल्यों के अनुरूप नदी पुनर्जीवन, पहाड़ों के संरक्षण और प्रकृति की रक्षा के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया।

समारोह में वर्ष 2024 का कर्म पुरस्कार देश के प्रमुख कानूनविद् प्रोफेसर उपेंद्र बक्शी को दिया गया। उन्हें संविधान के मूल्यों को समाज तक पहुंचाने और संवैधानिक दृष्टिकोण से कानून की समझ विकसित करने के लिए जीवनभर किए गए कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

दोनों पुरस्कार केरल के पूर्व मुख्य सचिव जैकुमार कथा और भारतीय न्यायिक संस्थान के पूर्व निदेशक जी. मोहन गोपाल ने प्रदान किए। सम्मान ग्रहण करने के बाद राजेंद्र सिंह ने कहा कि उन्होंने अपने मूल गांव डोला को बाढ़मुक्त बनाने का काम 1974 में शुरू किया था और आज भी यह गांव बाढ़मुक्त है। उन्होंने कहा कि प्रकृति संरक्षण के प्रयास गरीबों के विस्थापन, विनाश और आजीविका के संकट को रोकते हैं।



समारोह में वर्ष 2024 का कर्म पुरस्कार देश के प्रमुख कानूनविद् प्रोफेसर उपेंद्र बक्शी को दिया गया।

राजस्थान के अलवर जिले के थानागाजी क्षेत्र के गोपालपुरा सहित सूखे और बाढ़ से प्रभावित गांवों में उन्होंने लोगों के जीवन, जीविका और सम्मान को बचाने के लिए प्रकृति तथा पहाड़ों के संरक्षण की लड़ाई लड़ी है। उन्होंने कहा कि अरावली पर्वतमाला को खनन से बचाने के लिए दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और उत्तर प्रदेश के मथुरा क्षेत्र तक संघर्ष किया गया। इस दौरान संविधान ने रास्ता दिखाया और न्याय के लिए लड़ने की ताकत दी। कुछ लोगों को खदानें बंद होने से परेशानी हो सकती है, लेकिन प्रकृति संरक्षण के ऐसे प्रयास देश के बड़े समुदाय को जीवन, आजीविका और सम्मान प्रदान करते हैं।

सार-समाचार

दादा-दादी से लेकर पोते-पोती तक दिखा सकेंगे खेलों में दमखम

अलवर। अब खेल के मैदान में उम्र बाधा नहीं बनेगी। पोते-पोती से लेकर दादा-दादी तक सभी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और हर उम्र के लोगों को खेलों से जोड़ने के उद्देश्य से खेलो इंडिया की तर्ज पर खेलो राजस्थान गेम्स का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 नवंबर निर्धारित की गई है। अलवर जिला खेल अधिकारी अंजना शर्मा ने बताया कि खेलो राजस्थान के तहत प्रदेशभर में कुल 16 खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इस बार हॉकी को भी प्रतियोगिताओं में शामिल किया गया है। इसमें बच्चे, महिला और पुरुष किसी भी आयु वर्ग में अपनी खेल प्रतिभा दिखा सकेंगे। आयोजन का उद्देश्य खेलों को केवल युवाओं तक सीमित न रखकर समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित करना है। प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के इच्छुक खिलाड़ियों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। इसके लिए जन आधार कार्ड के माध्यम से पंजीकरण की व्यवस्था की गई है। इच्छुक प्रतिभागी निर्धारित तिथि तक अपना ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। खेल अधिकारी के अनुसार प्रतियोगिताओं का आयोजन पहले ग्रामीण स्तर पर होगा। इसके बाद तहसील और जिला स्तर पर मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। इन स्तरों पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त करेंगे। खेलो राजस्थान गेम्स से ग्रामीण क्षेत्रों की छिपी खेल प्रतिभाओं को सामने लाने के साथ ही बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों में खेलों के प्रति उत्साह बढ़ने की उम्मीद है।

पुनर्मतदान के बाद दोनों वार्डों में कांग्रेस का कब्जा

पावटा। पंचायत समिति पावटा के वार्ड संख्या 6 और 11 में रविवार को संपन्न हुए पुनर्मतदान के बाद घोषित चुनाव परिणामों में कांग्रेस प्रत्याशियों ने जीत दर्ज कर दोनों वार्डों पर कब्जा जमाया। मतगणना के बाद वार्ड संख्या 11 से कांग्रेस प्रत्याशी बीना देवी और वार्ड संख्या 6 से कांग्रेस प्रत्याशी तोफली देवी को विजयी घोषित किया गया। दोनों वार्डों में जीत के बाद कांग्रेस समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। वार्ड संख्या 11 में कांग्रेस प्रत्याशी बीना देवी ने निर्दलीय प्रत्याशी राजेंद्र प्रसाद यादव को 348 मतों के अंतर से पराजित किया। बीना देवी को कुल 1298 मत प्राप्त हुए, जबकि निर्दलीय प्रत्याशी राजेंद्र प्रसाद यादव के खाते में 950 मत आए। इस प्रकार बीना देवी ने स्पष्ट मतों के अंतर से जीत दर्ज की। वहीं वार्ड संख्या 6 में कांग्रेस प्रत्याशी तोफली देवी और भाजपा प्रत्याशी संजीवनी के बीच मुकाबला रहा। इसमें टोफली देवी ने 191 मतों से जीत हासिल की। टोफली देवी को कुल 1787 मत मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी संजीवनी को 1596 मत प्राप्त हुए। दोनों वार्डों में पुनर्मतदान के दौरान मतदाताओं ने उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वार्ड संख्या 6 के बूथ संख्या 30 पर कुल 81.16 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जबकि वार्ड संख्या 11 के बूथ संख्या 39 पर 66.29 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। दोनों बूथों के मतदान प्रतिशत में अंतर भी चर्चा का विषय रहा। रविवार रात करीब 9 बजे पंचायत समिति परिसर में मतगणना प्रक्रिया संपन्न हुई। इसके बाद रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम बृजेश कुमार ने चुनाव शाखा प्रभारी सत्यदेव यादव की मौजूदगी में दोनों वार्डों के चुनाव परिणाम घोषित किए। परिणाम सामने आते ही विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और समर्थकों ने जीत की खुशी जाहिर की। पुनर्मतदान के बाद आए इन परिणामों के साथ ही पंचायत समिति पावटा के वार्ड संख्या 6 और 11 की चुनावी तस्वीर साफ हो गई। दोनों वार्डों में कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत ने स्थानीय राजनीतिक समीकरणों को लेकर भी चर्चाओं को तेज कर दिया है।

करंट से रीढ़ की हड्डी में आई चोट, आधा शरीर हुआ पैरालाइज

बयाना भरतपुर (निसं)। कहते हैं कि हौसले बुलंद हों तो कोई भी मुश्किल मंजिल पाने से नहीं रोक सकती। इसकी मिसाल हैं बयाना के दमदमा रोड निवासी लाखन सिंह फौजदार, जिन्होंने गंभीर हादसे के बाद भी हार नहीं मानी और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। करीब 12 साल पहले बिजली के पोल पर काम करते समय 11 हजार केवी लाइन की चपेट में आने से लाखन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हादसे में उनका दायां हाथ बुरी तरह झुलस गया और पोल से गिरने के कारण रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट आई। इससे शरीर का निचला हिस्सा पैरालाइज हो गया। डॉक्टरों ने हाथ काटने तक की सलाह दी थी। करीब दो साल तक इलाज चला और 30 दिन आईसीयू में वेंटिलेटर पर जिंदगी और मौत से संघर्ष करना पड़ा। लेकिन लाखन ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने तैराकी को अपनी ताकत बनाया। भोपाल में आयोजित 26वीं नेशनल पैरा स्विमिंग चौंपियनशिप में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए 50 मीटर फ्री स्टाइल स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता। इससे पहले 24वीं और 25वीं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी स्वर्ण पदक हासिल कर चुके हैं। इस तरह लगातार तीन राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में गोल्ड जीतकर उन्होंने मिसाल पेश की है। लाखन जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में अभ्यास करते हैं। उनकी सफलता से प्रेरित होकर बेटियां दीक्षा और गुंजन भी तैराकी में आगे बढ़ रही हैं। अब उनका लक्ष्य जनवरी 2027 में ऑस्ट्रेलिया में प्रस्तावित वर्ल्ड सीरीज में भाग लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करना है। इसके लिए वे स्पॉन्सरशिप और आर्थिक सहयोग की उम्मीद कर रहे हैं।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर : स्पंदन योजना के तहत बंदियों की गहन जांच

कोटपूतली, (निंस)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (रालसा), जयपुर के तत्वाधान में संचालित विशेष अभियान "स्पंदन स्वस्थ बंदी, सुरक्षित कल, संवेदनशील न्याय" के अंतर्गत सोमवार को जिला कारागृह कोटपूतली एवं उपकारागृह बहरोड़ में विशाल स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सैशन न्यायाधीश रवि शर्मा के निर्देशानुसार आयोजित इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की गठित समिति द्वारा कारागृहों में निरुद्ध बंदियों के स्वास्थ्य की गहन जांच की गई। शिविर के दौरान डॉक्टरों की टीम ने बंदियों का बारीकी से स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श व उपचार लिखा। राहत की बात यह रही कि जांच के दौरान कोई भी बंदी गंभीर बीमारी से ग्रासित नहीं पाया गया।

अलीगढ़ में एक महीने से दिख रहा है पैंथर

टोंक। अलीगढ़ गांव और आसपास के इलाकों में करीब एक महीने से पैंथर दिखने के बाद ग्रामीणों ने उसे पकड़ने के लिए विशेष रेस्क्यू अभियान चलाने की मांग को लेकर सोमवार को युवा ग्राम विकास समिति अलीगढ़ और उनियारा उपखण्ड अधिकारी के जरिए टोंक जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में ग्रामीणो ने बताया कि पैंथर कई दिनों से गांव की आबादी, खेतों और रास्तों पर बार-बार दिख रहा है। किसान खेतों में जाने से कतरा रहे हैं और ग्रामीण रात में घरों से बाहर नहीं निकल रहे, पैंथर पालतू पशुओं का शिकार कर रहा है, जिससे पशुपालकों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि वन विभाग की स्थानीय टीम एक महीने से कोशिश कर रही है, लेकिन आधुनिक उपकरणों और प्रशिक्षित रेस्क्यू टीम की कमी के चलते अब तक सफलता नहीं मिली। अभी खेतों में फसल छोटी है, आने वाले दिनों में फसल बड़ी और घनी हो जाएगी, जिससे पैंथर को तलाशना और पकड़ना मुश्किल होगा। ज्ञापन में मांग की गई कि अधिकतम तीन दिन में विशेष प्रशिक्षित रेस्क्यू टीम भेजकर पैंथर को सुरक्षित पकड़ा जाए।

कार्यों के प्रति लापरवाही नहीं, गंभीरता व समयबद्धता के साथ काम पूरा करें : कलेक्टर

खैरथल। जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश ने सोमवार को सचिवालय कक्ष में आयोजित हुई साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, सेवाओं एवं आगामी महत्वपूर्ण कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर लंबित एवं असंतुष्ट परिवेदनाओं पर संबंधित अधिकारियों को कार्यों में गंभीरता एवं समयबद्धता के साथ कार्य करने के साथ आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर परिषद सहित सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि लंबित एवं असंतुष्ट शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने सीएमओ स्तर के प्रकरणों का एक सप्ताह के भीतर निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही, किसी प्रकरण के एस्केलेशन होने पर निचले स्तर के संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय करने की बात कही, ताकि प्रत्येक शिकायत का निर्धारित समयावधि में समाधान हो सके। बैठक में सेस्मार्टप्रोजेक्ट के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत 7 विभागों की कुल 26 सेवाओं को शामिल किया गया है। इस परियोजना का उद्देश्य विभिन्न विभागों की सेवाओं को तकनीक आधारित एवं अधिक सुगम बनाना तथा नागरिकों को सरकारी सेवाओं का लाभ सरल एवं सुविधाजनक तरीके से उपलब्ध करवाना है।



बैठक में स्मार्टप्रोजेक्ट के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

- साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश ने दिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश।
- लंबित व असंतुष्ट परिवेदनाओं पर चिंता जताई

इसके माध्यम से विभागीय सेवाओं को एकीकृत रूप से उपलब्ध करवाने, सेवा वितरण प्रक्रिया को अधिक व्यवस्थित बनाने तथा आमजन को सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर लगाने से राहत देने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। बैठक में परियोजना के अंतर्गत शामिल सेवाओं एवं उनके क्रियान्वयन से संबंधित जानकारी प्रस्तुत की गई

इसके साथ ही आगामी वर्ष के लिए पेंशन सत्यापन कार्य प्रारंभ किए जाने के संबंध में जानकारी दी गई तथा संबंधित कार्यों की प्रगति एवं तैयारियों की समीक्षा की गई।

बैठक में आगामी चुनावों की निर्वाचन प्रक्रिया की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े सभी उपखंड अधिकारियोंको निर्वाचन से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जिला कलेक्टर ने मतदान एवं निर्वाचन प्रक्रिया के सफल, सुचारू एवं व्यवस्थित संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए।

इसके पश्चात आयोजित जिला स्तरीय दूरसंचार समिति की बैठक में जिले में मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में रातारखुर्द पंचायत समिति में मोबाइल नेटवर्क की समस्या के बारे में बताया।

जिला कलेक्टर ने संबंधित दूरसंचार कंपनियों एवं अधिकारियों को निर्देशित किया मोबाइल नेटवर्क सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं तथा समस्या के समाधान हेतु संभावित विकल्पों पर कार्यवाही की जाए।

टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2026 का भव्य शुभारंभ

भरतपुर (निसं)। भरतपुर के लोहागढ़ स्टेडियम में सोमवार को 71वीं राजस्थान राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2026 का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। जिला टेबल टेनिस संघ द्वारा राजस्थान टेबिल टेनिस संघ के तत्वाधान में भरतपुर में पांच दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला परिषद सीईओ मृदुल सिंह, द्वारा किया गया।

समारोह की अध्यक्षता समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में प्रख्यात व्यवसायी एवं समाजसेवी डॉ. नरेंद्र अग्रवाल, के0टी0आर इन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड स्पोर्ट्स के निदेशक आयुष महाजन, प्रतियोगिता प्रबंधक अनिल दुबे, प्रख्यात होटल व्यवसायी एवं समाजसेवी तथा जिला टेबिल टेनिस एसोसिएषन के संरक्षक कुंवर दीप राज सिंह उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं अभिनंदन के साथ हुआ। जिला टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र सारस्वत ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों, खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं खेल प्रमियों का भरतपुर की ऐतिहासिक धरा पर हार्दिक अभिनंदन किया।

आयोजन सचिव बन्नो ए. एंथनी ने प्रतियोगिता का परिचय देते हुए बताया कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में राजस्थान के 13 जिलों से लगभग 220 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

प्रतियोगिता के अंतर्गत कुल 13 इवेंट्स आयोजित किए जाएंगे, जिनमें बालक एवं बालिका वर्ग के अंडर-17 एवं अंडर-19 तथा पुरुष एवं महिला वर्ग के मुकाबले शामिल हैं। उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु की गई आवास, भोजन, तकनीकी एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी भी दी।